प्रेषिका,

रेवा

अपर सिविल जज (जू०डि०),

कक्ष सं०- 5, कानपुर नगर।

सेवा में,

रजिस्ट्रार जनरल महोदय,

माननीय उच्च न्यायालय,

इलाहाबाद ।

द्वारा,

जनपद न्यायाधीश महोदय,

कानपुर नगर।

विषय- वित्तीय वर्ष 2019-20 व 2020-21 में सम्पत्ति विवरण भरने में हुए विलंब के संबंध में।

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि पत्रांक सं० 10521/IV-4970/Admin(A-4) Dated- 08.08.2023 ,के संदर्भ में अवगत कराना है कि प्रार्थिनी दिनांक 14.08.2023 से 26.08.2023 तक ट्रेनिंग पर न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में थी। प्रार्थिनी इससे पूर्व दिनांक 02.06.2023 को दुर्भाग्यवश दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी जिससे प्रार्थिनी दिनांक 13.06.2023 से 16.07.2023 तक चिकित्सीय अवकाश पर थी। प्रार्थिनी द्वारा न्यायिक सेवा में आने पर अपना संपत्ति विवरण भरा गया था, परंतु उसके पश्चात के वित्तीय वर्ष का संपत्ति विवरण नहीं भरा जा सका। प्रार्थिनी नवनियुक्त न्यायिक अधिकारी है व किस अवधि में उक्त विवरण भरा जाना है, इसकी जानकारी भी नहीं थी, जिससे भूलवश व भ्रांतिवश प्रार्थिनी अपना संपत्ति विवरण नियमानुसार समयावधि के भीतर प्रस्तुत नहीं कर सकी। प्रार्थिनी द्वारा जानबूझकर विलंब कारित नहीं किया गया और न ही प्रार्थिनी द्वारा किसी कारणवश ऐसा किया गया। प्रार्थिनी अपने कर्तव्य व कार्य के प्रति सदैव ईमानदार रहती है तथा ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करती है। प्रार्थिनी जानकारी होने पर अपना वित्तीय वर्ष 2019-20 व 2020-21 का संपत्ति विवरण भर चुकी है। प्रार्थिनी संपत्ति विवरण प्रस्तुत करने में हुए विलंब के लिए क्षमा प्रार्थी है तथा उक्त के बाबत माननीय महोदय को आश्वासन देती है, भविष्य में इस प्रकार की कोई भूल मेरे द्वारा कारित नहीं की जायेगी । माननीय महोदय से ससम्मान निवेदन है कि प्रार्थिनी की भूल को क्षमा करने की महती कृपा करें।

वित्तीय वर्ष 2019-2020 व 2021-2022 के संपत्ति विवरण की छायाप्रति अवलोकनार्थ प्रेषित।

सादर।

दिनांक- 28.08.2023

भवदीया,

Rewa 28/08/2023

(रेवा)

अपर सिविल जज (जू०डि०)

कक्ष सं०-05, कानपुर नगर।

संलग्नक-

(1) वित्तीय वर्ष 2019-2020 व
2021-2022 का संपत्ति विवरण।

28/8/2023